प्रेषक,

वीना नारायन,
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय कोर्ट सं0 1, मेरठ।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः– प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, मेरठ।

विषयः समयावधि पूर्व स्थानान्तरण के सम्बन्ध मे प्रत्यावेदन।

महोदय,

अत्यन्त विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के नोटिफिकेशन संख्या 578/एडमिन (सर्विसिज)/2022 दिनांकित इलाहाबाद जुलाई 03, 2022 के अनुपालन में प्रार्थिनी के द्वारा दिनांक 05.07.2022 को अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट सं. 1 मेरठ का कार्यभार ग्रहण किया गया।

महोदय निवेदन है कि प्रार्थिनी का निवास स्थान जनपद लखनउ में बी–1/224 विराम खण्ड गोमतीनगर में स्थित है जिसमें प्रार्थिनी का 'परिवार निवास कर रहा है। प्रार्थिनी की सेवानिवृत्ति दिनांक 31.10.2025 को है।

प्रार्थिनी के पति डा0 राकेश नारायन की सेवानिवृत्ति एम एन एन आई टी इलाहाबाद से प्रोफेसर के पद से सन 2022 में हो चुकी है तथा वह सेवानिवृत्ति के उपरान्त लखनउ में निवास कर रहे है। प्रार्थिनी अपनी सेवानिवृत्ति के पश्चात उपरोक्त लखनउ मे स्थित मकान मे निवास करेगी। उक्त मकान में निर्माण व पुनर्निर्माण इत्यादि कराया जाना शेष है। जिसके कारण प्रार्थिनी को मेरठ से लखनउ बार–बार जाना पडता है।

महोदय से निवेदन है कि प्रार्थिनी की एक पुत्री का विवाह हो चुका है तथा एक पुत्री का विवाह करना शेष है तथा उसे अपने उपरोक्त अधिनिर्मित मकान को भी पूर्ण करना है। जिससे प्रार्थिनी सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने परिवार सहित सुविधापूर्वक निवास कर सके।

अतः यदि प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद लखनउ में कर दिया जाये तो प्रार्थिनी को ग्रह निर्माण व पुत्री के विवाह के संदर्भ में सुविधा होगी।

अतः महोदय से करबद्व निवेदन है कि उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रार्थिनी के प्रत्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने एंव प्रार्थिनी का स्थानान्तरण जनपद लखनउ में किये जाने हेतु माननीय उच्च नयायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी माननीय न्यायालय की आजीवन आभारी रहेगी।

सादर।

भवदीया

दिनांकः 31.08.2024

Veena Narain
31.8.24

(वीना नारायन)
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय कोर्ट सं0 1, मेरठ।
जे0 ओ0 कोड–यू0पी0 6107

कार्यालयः– प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मेरठ।

पत्र संख्या :– 165/I दिनांकः–31.08.2024

सेवा में,

महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को अग्रसारित।

प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, मेरठ।